हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 30 मई 2025

खेड़ी व जसोर में पेयजल लाइन डालने का काम शुरू 11



लक्ष्य और अंजलि का थल सेना कैंप के लिए चयन 12



## खबर संक्षेप

### 212 ग्राम गांजे सहित एक आरोपी काबू




**बहादुरगढ़।** एंटी नार्कोटिक सैल ने गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी टीम को सूचना मिली थी कि बहादुरगढ़ के शास्त्री नगर में रहने वाला हरदीप नशले पदार्थ की तस्करी करता है। फिलहाल वह इसी मंशा से नजफगढ़ फ्लाईओवर के पास है। इस सूचना पर टीम वहां गई और आरोपी को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास 212 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### दादा पंचपीर मंदिर में भंडारा पांच को

**बहादुरगढ़।** गांव आसंडा के दादा पंचपीर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन वीरवार पांच जून को किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर समिति के प्रवक्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि भंडारे से पूर्व हवन किया जाएगा, जिसके बाद मंदिर प्रांगण में ही भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में हर बार की तरह इस बार भी दूर दराज से लोग बाबा के दर्शन के लिए पहुंचेंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### साइबर ठगी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**झज्जर।** साइबर थाना की एक टीम द्वारा पार्ट टाइम जॉब और कम समय में ज्यादा मुनाफे देने का लालच देकर साइबर फ्रॉड करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी सोमबीर ने बताया कि बहादुरगढ़ निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमित, रमन और लवप्रीत निवासी राजस्थान के तौर पर की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से अमित को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जबकि दो अन्य आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अवैध हथियारों सहित तीन युवक गिरफ्तार



**झज्जर।** जिला पुलिस की अलग-अलग अपराध शाखाओं ने अवैध हथियारों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए टू बहादुरगढ़ की पुलिस टीम ने थाना दुजाना क्षेत्र से साहिल निवासी बरहाणा जिला झज्जर को एक हथियार और एक जिंदा कारतूस के सहित गिरफ्तार किया है। वहीं स्पेशल स्टॉफ झज्जर की दो अलग-अलग टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों से थाना सदर क्षेत्र से दो आरोपियों को दो अवैध हथियार और नौ जिंदा कारतूस सहित पकड़ा गया है। जिसमें एएसआई कुलबीर की टीम ने सागर निवासी जहांगीरपुर को एक अवैध पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस सहित वहीं दूसरी टीम में तैनात मुख्य सिपाही अमित कुमार की टीम ने एक आरोपी को एक देशी पिस्तौल व चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई अमल में लाई गई है।

## एशियन चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे 5 पहलवान

■ 18 से 26 जून तक वियतनाम में अंडर-23 और कैडेट एशिया चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे म्हारे खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पांच पहलवानों का एशिया चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ है। बेहद कठिन मुकाबलों में जीत दर्ज कर पांचों पहलवानों ने ये उपलब्धि हासिल की है। दरअसल, 18 से 26 जून तक वियतनाम में अंडर-23 और कैडेट एशिया चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। अंडर-23 भारतीय टीम में ग्रीको रोमन स्पर्धा में 63 किलो भार वर्ग में सुमित दलाल और 67 किलो भार वर्ग में उमेश का चयन हो गया है। वहीं कैडेट एशिया चैंपियनशिप के लिए 110 किलो भार वर्ग ग्रीको रोमन में हरदीप, 92 किलो फ्री स्टाइल में अर्जुन रुहल और 55 किलो फ्री स्टाइल में निशांत दलाल का चयन हुआ है। हरदीप, अर्जुन और निशांत ने 25 से 27 मई तक पलवल में हुई सब जूनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल भी हासिल किया था।




बहादुरगढ़। कोच, कुश्ती प्रेमियों व साथियों के साथ चयनित पहलवान।

भारतीय टीम के साथ कोच के तौर पर अर्जुन अवार्डी पहलवान धर्मेंद्र दलाल भी जाएंगे। धर्मेंद्र दलाल की देखरेख में ही सभी पहलवान हिंद केसरी सोनू अखाड़े में प्रेक्टिस कर रहे हैं। दलाल का कहना है कि ये सभी पहलवान बेहद होनहार है। लगातार राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीत रहे हैं। अर्जुन अवार्डी कोच ओमबीर सिंह, सुधीर, रिंकू, अनुराग, सेठी पहलवान, मुकेश, कृष्ण, भारत केसरी काला पहलवान, कुक्कड़ उस्ताद, बिल्लू ठेकेदार, रामकिशन, संजय रुहल, राहुल फिजियो, पवन, पातर सिंह, सतेंद्र रुहल आदि ने पहलवानों को शुभकामनाएं दी। बता दें कि अखाड़े में सब जूनियर से लेकर सीनियर लेवल के पहलवान सुबह शाम प्रेक्टिस करते हैं।

### दो-दो अर्जुन अवार्डी दे रहे प्रशिक्षण

पहलवानों को शुरुआत से इंटरनेशनल लेवल तक ले जाने के लिए दो-दो अर्जुन अवार्डी पहलवान और कोच तकनीकी ज्ञान दे रहे हैं। ग्रीको रोमन के पहलवानों को अर्जुन अवार्डी पहलवान धर्मेंद्र दलाल तो फ्री स्टाइल के पहलवानों को अर्जुन अवार्डी कोच ओमबीर तैयार कर रहे हैं। मिट्टी की कुश्ती के मजबूत पहलवान रहे हिंद केसरी पहलवान सोनू भी मिट्टी के अखाड़े में पहलवानों को तैयार करते हैं।

## छंगा अखाड़े के पहलवानों ने प्रतियोगिता में जीते 4 पदक



बहादुरगढ़। कोच व कुश्ती प्रेमियों के साथ पदक विजेता पहलवान।

**बहादुरगढ़।** पलवल में 24 से 27 मई तक हुई सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में हवा सिंह दलाल उर्फ छंगा अखाड़े के पहलवानों ने चार पदक जीतकर इलाके का नाम रोशन किया। जीतकर लौटे पहलवानों का अखाड़े में स्वागत किया गया। जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष रामरतन भूरु पहलवान ने बताया कि अखाड़े के रितेश दलाल टांडाहेड़ी ने स्कूल नेशनल व सब जूनियर नेशनल पलवल में दो सप्ताह के अंदर 60 किलोग्राम ग्रीको रोमन में दो स्वर्ण पदक जीते। प्रांजल दहिया ने 63 किलोभार वर्ग में खेलो इंडिया पटना बिहार में स्वर्ण पदक जीता। कपिल किड़ोली ने 70 किलोग्राम फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता व शुभम बामड़ोली ने 110 किलो भारवर्ग फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता। अखाड़े में सभी पदक विजेता पहलवानों का स्वागत किया गया। पहलवानों ने जीत का श्रेय अपने गुरु हवासिंह, कोच रामरतन भूरु, नवनीत, कोच प्रेम जाखड़ को दिया। इस अवसर पर रणबीर मलिक, राजेश दलाल, महेंद्र, मोनू मांडोठी, कुलदीप, नरेंद्र, सूबे दलाल, रामबीर पहलवान, कुलदीप दलाल, कृष्ण पंडित, काला पहलवान आदि उपस्थित रहे।

## यंशु हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार आज अदालत में पेश करेगी पुलिस

■ तेजधार हथियार से गला रेतकर हत्या ■ शहीद भगत सिंह पार्क में मिला था शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहीद भगत सिंह पार्क में हुई युवक की हत्या की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में 24 घंटे के अंदर सिटी थाना और सीआईए-2 की संयुक्त टीम ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को अदालत में पेश कर पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेगी। रिमांड अवधि में हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। दरअसल, बुधवार की सुबह बालोर रोड स्थित भगत सिंह पार्क में एक युवक का शव मिला था। तेजधार हथियार से गला रेतकर उसकी हत्या की गई थी। मृतक की शिनाख्त 19 वर्षीय यंशु निवासी दयानंद नगर के रूप में हुई थी। बताते हैं कि मंगलवार की रात को वह दूध लेने के लिए घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

■ सिटी थाना पुलिस और सीआईए-2 की संयुक्त टीम ने दबोचा

बुधवार की सुबह पार्क में बेटे का शव मिलने के साथ उनकी तलाश खत्म हुई। इस संबंध में सिटी थाने में केस दर्ज हुआ। कई टीमें मामले की तफ्तीश में लगी थी। इस दौरान कार्रवाई करते हुए पुलिस की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों की पहचान सागर और राजेश के रूप में हुई है। सागर नूना माजरा का रहने वाला है और राजेश मूलतः बिहार से है तथा फिलहाल राम नगर में रहता है।



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में यंशु के हत्यारोपी।

### रेलवे ट्रैक पर मिला बुजुर्ग का शव, नहीं हो पाई शिनाख्त

**बहादुरगढ़।** हरियाणा-दिल्ली के बीच चलने वाली ट्रेन में एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। किसी बीमारी से मौत होने की आशंका है। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। दरअस, वीरवार की शाम को रोहतक की ओर से गाड़ी संख्या 64932 यहां बहादुरगढ़ स्टेशन पर ठहरी थी। इस दौरान ट्रेन के डिब्बे में एक बेसुध व्यक्ति पर किसी यात्री की नजर पड़ी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जीआरपी टीम तुरंत मौके पर आई। जांच की तो व्यक्ति मृत अवस्था में था। इसके बाद पुलिस ने शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवाया। जांच अधिकारी उर्मिला का कहना है कि मृतक के कपड़ों से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला है। उम्र करीब 60 वर्ष आंकी जा रही है। बीमारी या अन्य कारणों से मौत की आशंका है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। फिलहाल शव को 72 घंटे के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा कर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## सुबह चिलचिलाती गर्मी ने किया परेशान दोपहर बाद बारिश व तेज हवाओं से राहत



झज्जर। मौसम खुशनुमा होने पर पार्क में उमड़ी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

वीरवार को दिनभर मौसम का मिजाज बदलता रहा। दिन की शुरूआत आसमान में छाए बादलों के साथ हुई। लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया, वैसे ही सूर्य देव के तेवर तल्ख होते गए। चिलचिलाती धूप के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा और दोपहर के समय सड़कें सुनसान दिखाई दी।

### मौसम ने ली करवट

लेकिन दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे एक बार फिर मौसम ने करवट ली और आसमान में बादल छा गए। तेज हवाओं के साथ कुछ देर के लिए हल्की बारिश हुई। जिसके कारण लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया और पार्कों में भी लोगों की भीड़ उमड़ी।

■ मौसम खुशगवार होने से पार्कों में उमड़े शहरवासी

**मौसम परिवर्तनशील रहेगा :** हल्की बारिश के बाद वीरवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है।

### तबीयत बिगड़ने से बच्ची की मौत

**बहादुरगढ़।** इलाके के एक गांव की निवासी करीब सात माह की बच्ची की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताते हैं कि बच्ची को किडनी, लीवर से संबंधित समस्या थी। काफी समय से उसका ईलाज चल रहा था।

बुधवार को तबीयत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लाए तो मृत घोषित कर दी गई। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस अस्पताल में आई और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। वीरवार को शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया।

- ■ बच्ची को किडनी, लीवर से संबंधित समस्या थी
- ■ पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा
- ■ तबीयत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर आए थे

### बिजली निगम ने वार्ड 18 के पुराने तार व ट्रांसफार्मर बदले

**बहादुरगढ़।** बिजली की समस्या को देखते हुए वार्ड-18 के विवेकानंद नगर और धर्म विहार में मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है। इन कॉलोनियों में पुराने खराब हो चुके तार बदले गए। साथ ही 100 और 200 केवी के ट्रांसफार्मर भी बदले गए हैं। पार्षद संदीप दहिया ने बताया कि विवेकानंद नगर में कई बार केबल में आग लग चुकी थी।

बार बार आग लगने के कारण केबल खराब हो गई थी। इस वजह से लोगों को परेशानी हो रही थी। लोगों की परेशानी को ध्यान में रखे हुए धर्म विहार और विवेकानंद नगर की केबल तथा ट्रांसफार्मर बदलवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह वार्ड के कार्यों के लिए वह चौबीसों घंटे तत्पर हैं।



### फुटवियर कंपनी में आग लगी



■ दमकल टीम ने काबू पाया

**बहादुरगढ़।** एमआइई पार्ट-बी में स्थित एक कंपनी में आग लग गई। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। घटना वीरवार दोपहर की है। दरअसल, यहां पार्ट-बी में एआरवी फुटवियर नाम से कंपनी है। इस कंपनी परिसर में अचानक आग लग गई। सूचना पाकर दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और शीघ्र ही आग पर काबू पा लिया।

## पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान, होटलों को खंगाला, सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान चला कर होटलों की चेकिंग की गई। एसीपी धर्मवीर सिंह ने बताया कि बुधवार से लगातार क्षेत्र में बने होटलों की जांच की जा रही है। इस जांच का मुख्य उद्देश्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करना है। क्योंकि दूसरे जिलों या राज्य से अपराध करके भागे अपराधी शरण के लिए छोटे गेस्ट हाउस में छिप सकते हैं। यदि यहां सतर्कता बरती जाए जो अपराधियों को पकड़ना आसान हो जाता है।

■ सीसीटीवी में 30 दिन का बैकअप रखना जरूरी

### मोबाइल नंबर नोट करें

उन्होंने बताया कि सभी होटल संचालकों को अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी लगवाने और जिनका बैक अप कम से कम 30 दिन का जरूर होना चाहिए साथ ही आगंतुकों की सही आईडी, मोबाइल नंबर, वाहन का नंबर, साथ आने वालों की सही जानकारी और उनकी आईडी सभी का रिकार्ड रखने के लिए कहा गया है। किसी होटल में अगर कोई विदेशी आकर रूकता है तो उसके लिए ऑनलाइन सी फॉर्म भरना बहुत जरूरी है। उन्होंने होटल संचालकों को सुरक्षा संबंधी मापदंड पूरे करने के लिए भी कहा है। इस दौरान होटल में काम करने वाले कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाने व रुकने वाले व्यक्तियों का रजिस्टर में पूरा विवरण लिखने बारे निर्देश भी दिए गए। उनके पास आने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना आईडी कार्ड के कमरा नहीं दिया जाए तथा जो व्यक्ति ठहरता है उसका रजिस्टर में पूर्ण नाम, पता व मोबाइल नंबर नोट करें।



झज्जर। होटल की चैकिंग करते हुए पुलिस कर्मी।

### संदिग्ध किस्म के व्यक्ति की तुरंत सूचना दें

उन्होंने कहा कि यदि कोई संदिग्ध किस्म का व्यक्ति आकर रुके, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि किसी प्रकार की अपराधिक वारदात न हो। इसके अलावा उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपना मकान किराए पर देते समय पूर्ण सावधानी बरतें तथा किराएदार की भी पुलिस वेरिफिकेशन करवाएं। उन्होंने होटल मालिकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई होटल इन नियमों का पालन करता हुआ नहीं पाया गया तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की कार्यशाला का आयोजन



**झज्जर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मुख्यालय में क्षेत्रीय एवं राज्य मीडिया संवाददाताओं की पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ संस्था की निदेशक दर्शना पावस्कर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया जबकि शिविर का संचालन स्काउट्स युवा कार्यक्रम के उपनिदेशक अरूप सरकार ने किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धांधलान की भूगोल प्राध्यापिका विनीता कुमारी ने कार्यशाला में हरियाणा के गाइड विंग का प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर डीटीसी स्काउट्स राजेंद्र, डीओसी गाइड्स मैनावंती तथा विद्यालय की प्राचार्या सुनीता ने विनीता कुमारी को बधाई दी। कार्यशाला में 11 राज्यों से 26 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हरियाणा के लिए सराहनीय यह रहा कि कुल 11 महिला प्रतिनिधियों में से पांच हरियाणा से रही जो हरियाणा में महिला सशक्तिकरण को इंगित करता है।





एक समय तक पर्यावरण बहुत शुद्ध हुआ करता था। चारों ओर प्रकृति के हरे-भरे मनोरम दृश्य दिखते थे। हमें प्रदूषणरहित वातावरण में सांस के लिए शुद्ध वायु मिलती थी। आज सब उलट गया है, प्रदूषण के कारण प्रकृति ने अपनी रमणीयता खो दी है। सांस लेने के लिए शुद्ध वायु नहीं है, न ही नदियों में पीने के लिए शुद्ध जल। ऐसी खतरनाक स्थिति कैसे बनी? पर्यावरण को हम कैसे संरक्षित करें? पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण से जुड़ी बहुत ही जरूरी बातें।

# हमारा पर्यावरण क्या था, क्या हो गया कैसे हो संरक्षित



जागरुकता
देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, हम सभी पर्यावरण की गोद में पल रहे हैं। तुम जानते हो, क्या है पर्यावरण? पर्यावरण का अर्थ है हमारे आस-पास, हमारे चारों ओर का परिवेश। हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक-अजैविक, सजीव-निर्जीव तत्वों से मिलकर बनता है हमारा पर्यावरण। पेड़, पहाड़, धरती, हवा, नदी, ताल-तलैया, मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों से लेकर कीट-पतंगे और जीव-जंतु... और भी बहुत कुछ हमारे पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है, इसलिए इसकी देखभाल, इसका संरक्षण करना जरूरी है, हमारा दायित्व है।

**पहले कुछ ऐसा था हमारा पर्यावरण:** लाखों वर्ष पहले हम मनुष्यों का अस्तित्व इस पृथ्वी पर प्रारंभ हुआ। उस वक्त हमारा पर्यावरण आज के पर्यावरण से एकदम अलग था। तब हमारे चारों ओर थे हरे-भरे वन, ऊंची पर्वत मालाएं, गहरी घाटियां, साफ-सुथरी हवा, कल-कल करती नदियां, झरने और दूर-दूर तक फैले चौरस मैदान। ऊपर नीला आकाश था और नीचे धरती पर सागर और सागर तटों से टकराती लहरें। सागरों में भी विविधताओं से भरी जीव-जंतुओं की दुनिया। ऋतुएं आती और जाती थीं- कभी वसंत और कभी ग्रीष्म, पावस, हेमंत, शरद और शीत ऋतु। इसी ऋतु चक्र में पक्षी चहचहाते, फूलों पर तितलियां मंडरातीं, आसमान में बादल उमड़ते और झमाझम बारिशें बरसतीं। सब कुछ प्राकृतिक, सुंदर, मनोरम।

**जरा याद करके बताओ:** अच्छा बच्चो, जरा याद करो कि पिछली बार कब सुनी थी तुमने किसी नदी की कल-कल, झरनों की झर-झर और हरे-भरे पेड़ों से आती हवा की सांय-सांय की आवाज? कब देखी थी तुमने फूलों पर मंडराती मनमोहक तितली, कब सुनी थी फूलों पर मंडराते भौंरों की गुनगुन, कब चहकी थी तुम्हारी मुंडेर पर गौरैया और कब पास की अमराई में कूकी थी कोयल? नहीं याद आ रहा न! अगर तुम शहर में रहते हो, तो तुम्हारे लिए इन प्रश्नों का उत्तर देना कठिन होगा।



**ऐसे बदला परिदृश्य:** बच्चो, अठारहवीं सदी में एक दिन कोयलों की आग से धधकता, धुआं उगलता, धड़धड़ाता भाप का इंजन आ धमका। उसके साथ ही दुनिया में औद्योगिक युग की शुरुआत हो गई। कोयला बनाने के लिए पेड़ कटने लगे। हरे-भरे वनों का सफाया शुरू हो गया। हरियाली सिमटने लगी, जीव-जंतुओं के घर उजड़ने लगे। धीरे-धीरे गांव और कस्बे शहरों में बदलने लगे। यहां पर सीमेंट-कंक्रीट की ऊंची-ऊंची इमारतें दिखाई देने लगीं। कल-कारखाने हवा में जहरीला धुआं उगलने लगे और नदियों में जहरीला कचरा पहुंचने लगा। जहरीले कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी नदियां और खेतों की माटी बुरी तरह प्रदूषित होने लगी। हम मनुष्यों ने विरासत में मिली अपनी प्यारी दुनिया बदल दी। इस नई दुनिया में खुद हम मनुष्यों का जीवन भी संकट में पड़ने लगा।

**हम समझें अपनी जिम्मेदारी:** सच कहा जाए तो विकास की दौड़ में हमने प्रकृति संरचना को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। अब स्वयं हमारे लिए और हमारे लाखों साथी जीवों के लिए पृथ्वी पर जीना



दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है। अगर अब भी हम पेड़ों से प्यार नहीं करेंगे, जंगलों की हरियाली नहीं बढ़ाएंगे, हवा में जहरीला धुआं और नदियों-तालाबों और सागरों के पानी में विषैले रसायनों का जहर घोलना बंद नहीं करेंगे तो लाखों जीव नष्ट हो जाएंगे। यही हाल रहा तो आने वाले समय में यह पृथ्वी रहने लायक नहीं रहेगी। इसलिए आओ बच्चो, हम साथ मिलकर पर्यावरण को बचाएं। *

## कोविड हमें लाया प्रकृति के करीब

**बच्चो, आज** से कुछ साल पहले जब दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, लॉकडाउन चल रहा था, तब हमारे पर्यावरण में कुछ सकारात्मक और हैरान कर देने वाले बदलाव देखने को मिले। गैस चैंबर बने शहरों की हवा में केवल डेढ़-दो माह के भीतर गर्दो-गुबार इतना कम हो गया कि आसमान नीला दिखाई देने लगा! रातों को आसमान में झिलमिलाते तारे नजर आने लगे। हवा में प्राणवायु ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ गई। नदियों के काले, कलुषित पानी में मछलियां दिखाई देने लगीं। स्कूटर, कार, बसें, मेट्रो, रेलगाड़िया और हवाई जहाज न चलने के कारण शहर में कर्कश कोलाहल नहीं रहा, जिसके कारण चारों ओर शांति छा गई। चिड़ियां हमारे घरों के करीब चली आईं। हमें भोर में चिड़ियों की मधुर चहचहाहट सुनाई देने लगी। कहीं मोर नाचने लगे तो कहीं सड़कों पर नीलगाएं घूमने लगीं। जो कल तक अकल्पनीय था, वह संभव हो गया। प्रकृति ने हमें साफ संदेश दे दिया कि अगर हम प्रकृति को प्रदूषित न करें, हमारे कल-कारखाने हवा और नदियों में जहरीले रसायन न उगलें और हम हरियाली को पनपने दें तो हमारा पर्यावरण साफ स्वच्छ रहेगा, गांवों ही नहीं, शहरों की सुबहें भी पंछियों के कलरव से भर जाएंगी।

स्पेशल: वर्ल्ड साइकिल-डे, 3 जून

# बड़े काम की है ईको-फ्रेंडली व्हीकल साइकिल

जानकारी
कुमार गौरव अजीतेंदु

बच्चो, आज से कुछ साल पहले साइकिल यातायात के प्रमुख साधनों में से एक हुआ करती थी। लेकिन आजकल लोगों में साइकिल के प्रति क्रेज कम हो गया है। साइक्लिंग के प्रति लोगों में जागरूकता और लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस) ने विश्व साइकिल दिवस यानी 'वर्ल्ड साइकिल-डे' मनाने का निर्णय लिया। पहला आधिकारिक विश्व साइकिल दिवस 3 जून, 2018 को मनाया गया था।



**कैसे आई दुनिया में साइकिल:** साइकिल के प्रयोग को मूर्तरूप सर्वप्रथम सन 1817 में पेरिस के एक कारीगर कार्ल वॉन ड्रैस ने दिया। उसने जो वाहन बनाया, उसे हॉबी हॉर्स यानी काठ का घोड़ा कहा जाता था। यह वाहन साइकिल जैसा ही था, लेकिन इसमें पैडल नहीं थे, इसे पैरों से धक्का देकर आगे बढ़ाना होता था।

**पैडल वाले साइकिल का आविष्कार:** पैर से घुमाए जाने वाले पैडलयुक्त पहिए का आविष्कार सन 1865 ई. में पेरिस (फ्रांस) निवासी लालेमेंट ने किया। इस यंत्र को वेलॉसिपीड कहते थे। इंग्लैंड, फ्रांस और अमेरिका के यंत्र निर्माताओं ने इसमें अनेक महत्वपूर्ण सुधार कर सन 1872 में इसे एक सुंदर और हल्का रूप दे दिया। इसमें पैडल के अतिरिक्त वेयरिंग और ब्रेक भी लगाए गए थे। इससे इसे चलाना आसान हो गया। *

### भारत में साइकिल

दुनिया में जब जगह-जगह साइकिल प्रचलन में आ गई तो भारत में भी इसे खूब उपयोग किया जाने लगा। आजादी से पहले और आजादी के कुछ सालों बाद भी जब गांवों में अधिकतर सड़कें कच्ची थीं, उस समय साइकिल को आवा-गमन के लिए बहुत ही उपयोगी वाहन के रूप में लोग उपयोग करने लगे। दूधवाले, किसान, पोस्टमैन और आम जनता साइकिल का उपयोग धड़ल्ले से करती थी। आजादी की लड़ाई के दौरान भी हमारे क्रांतिकारियों ने साइकिल का उपयोग किया।



### साइकिल से जुड़ी कुछ रोचक बातें

- **Bicycle** शब्द फ्रेंच भाषा के **bicyclette** वर्ड से निकला है।
- नीदरलैंड को 'साइकिलों का देश' कहा जाता है। बताया जाता है, वहां के प्रधानमंत्री भी साइकिल से अपने ऑफिस जाते हैं।
- डेनमार्क के कोपेनहेगेन को 'सिटी ऑफ साइक्लिस्ट' भी कहा जाता है। यहां की तकरीबन 52 प्रतिशत आबादी साइकिल चलाती है।
- बोनशेकर साइकिल का वजन अस्सी किलोग्राम था।
- रोजाना 30 मिनट साइकिल चलाने वाले व्यक्ति का दिमाग साधारण व्यक्ति के मुकाबले ज्यादा एक्टिव रहता है, इतना ही नहीं ब्रेन पॉवर भी 15 से 20 फीसदी ज्यादा होती है।

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

## जीवन की नींव



जैसे हम जगते, सोते हैं
पेड़ भी जगते, सोते हैं।
जैसे हम हंसते, रोते हैं
पेड़ भी हंसते, रोते हैं।
पेड़ भी खाते हैं, पीते हैं
पेड़ भी सांस लिया करते।
कार्बनडाईऑक्साइड ले
ऑक्सीजन हमें दिया करते।
पहले सभी समझते थे कि
प्राण हीन होते हैं वन।
जे.सी. बोस ने यह बतलाया
पौधों में भी है जीवन।
चाहे पेड़ और पौधा हो
चाहे हो कोई भी जीव।
छोटी सृजक कोशिका होती है
सब के जीवन की नींव।

## एंवॉयर्नमेंट नॉलेज



**Q :** भारतीय वन सर्वेक्षण का मुख्यालय कहां स्थित है?
**A :** देहरादून में।

**Q :** राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार कितने प्रतिशत भू-भाग पर वन होना अनिवार्य है?
**A :** 33 प्रतिशत।

**Q :** चिपको आंदोलन के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था?
**A :** वनों की सुरक्षा।

**Q :** देश का पारिस्थितिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कहां स्थित है?
**A :** बैंग्लुरु (कर्नाटक)।

**Q:** ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है?



**A :** ग्रीन हाउस प्रभाव में सूर्य की किरणें पृथ्वी पर आ तो जाती हैं, लेकिन कार्बन डाइऑक्साइड गैस के घेरे के कारण वापस नहीं जा पाती हैं।

**Q :** भारत का पर्यावरण शिक्षा केंद्र कहां स्थित है?
**A :** अहमदाबाद (गुजरात)।

**Q :** इंदिरा गांधी वानिकी अकादमी कहां स्थित है?
**A :** देहरादून (उत्तराखंड)।

**Q :** विश्व वानिकी दिवस कब मनाया जाता है?
**A :** 21 मार्च।

**Q :** भारतीय वन प्रबंधन संस्थान कहां है?
**A :** भोपाल में।

**Q :** भारत में सबसे अधिक वन किस प्रदेश में हैं?
**A :** मध्य प्रदेश।

**Q :** पौधे अपनी खाद्य निर्माण प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड गैस वायुमंडल से लेते हैं और बदले में जीवधारियों को सांस लेने के लिए क्या मुक्त करते हैं?
**A :** ऑक्सीजन।

**Q :** कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड गैसों द्वारा कौन-सा प्रदूषण होता है?
**A :** वायु प्रदूषण।

**Q :** बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड परीक्षा किस प्रदूषण को मापने के लिए की जाती है?
**A :** जल प्रदूषण।

**Q :** परॉक्सीएसेटिल नाइट्रेट क्या है?
**A :** वायु प्रदूषक।

**Q :** राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान केंद्र कहां पर स्थित है?
**A :** नागपुर (महाराष्ट्र)।

**Q :** वायुमंडल में ओजोन परत हमारी रक्षा किन किरणों से करती है?
**A :** पराबैंगनी किरणों से।

**Q :** वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?
**A :** नाइट्रोजन।

प्रस्तुति: दीपक कोहली

# ओह! यह तो वही लड़का है

निर्मला आंटी को यह बिल्कुल नहीं पसंद था, उनके घर के सामने खुले मैदान में बच्चे क्रिकेट-फुटबॉल खेलें और गेंद-फुटबॉल उनके लॉन में रखे गमलों पर गिरे, पौधे बर्बाद हों। लेकिन एक बार जब उन्हें जरूरी काम से शहर के बाहर जाना पड़ा, लौटकर जब वह आईं, अपने लॉन के पेड़-पौधों को उन्होंने जिस हालत मे देखा, वह आश्चर्यचकित रह गईं।





कहानी
सिराज अहमद

निर्मला आंटी थोड़ी सख्त मिजाज की थीं। पिछले साल ही वह इस कॉलोनी में शिफ्ट हुई थीं। उनके घर के सामने एक खुला मैदान था, जहां शाम में बच्चे इकट्ठे होकर खेलते रहते। कभी क्रिकेट तो कभी फुटबॉल। कभी-कभी ऐसा होता कि क्रिकेट खेलते वक्त गेंद निर्मला आंटी के घर में चली जाती। कोई बच्चा जब गेंद मांगने जाता तो वह मुंह लटकाए खाली हाथ ही वापस आता।

निर्मला आंटी गेंद कभी वापस नहीं करतीं। वह बच्चों पर खूब बरसतीं। बच्चे उनसे गेंद देने की सिर्फ रिक्वेस्ट करते, कुछ न कह पाते और खेल बंद हो जाता। बच्चे कितनी बार नई गेंद खरीद कर लाएं? हर बार उनके लिए पैसों का बंदोबस्त कर पाना मुश्किल होता।

निर्मला आंटी के घर के अंदर लॉन में ढेर सारे गमलों में तरह-तरह के खूबसूरत पेड़-पौधे लगे थे। उन्हें इस बात का डर था कि कहीं गेंद उनके लगाए गए पौधों को बर्बाद न डाले। निर्मला आंटी को पेड़-पौधों से बेइंतहा मोहब्बत थी। मोहल्ले में उन्होंने पेड़ लगाने की जोरदार मुहिम चलाई थी कि घर-घर पेड़ होने चाहिए। कम ही समय में उनकी मेहनत रंग लाई और कॉलोनी में हरियाली दिखने लगी थी। एक रोज की बात है। उन्हें खबर मिली कि उनकी मम्मी की तबीयत ज्यादा खराब है। उन्हें आनन-फानन में दूसरे शहर जाना पड़ा।

अब क्या था? उनके जाने से बच्चों को फायदा हुआ। गेंद जब भी उनके घर में जाती तो वे छोटी-छोटी बाउंड्री फांदकर फौरन गेंद वापस ले आते। कोई चिकचिक नहीं। कोई डांट-फटकार नहीं। कोई देखने-पूछने वाला नहीं। देखते-देखते निर्मला आंटी को गए दो महीने हो गए थे। इधर बच्चे मस्ती में क्रिकेट का लुत्फ उठा रहे थे। वो भी बिना किसी रोक-टोक के।

एक रोज भी ऐसा ही हुआ। खेलते-खेलते गेंद घर के अंदर चली गई। चहकता हुआ सौरभ दौड़ा और बाउंड्री फांदकर फौरन घर के अंदर कूदा। वह गेंद ढूंढ़ ही रहा था, इतने में ही निर्मला आंटी की गाड़ी गेट के पास आकर रुकी। बाहर खेल रहे बच्चे भागकर अपने-अपने घरों में जा छुपे। बेचारा सौरभ फंस गया था। गेट पर उनकी आवाज सुनकर उसे मालूम पड़ गया कि निर्मला आंटी आ गई हैं। वह चुपचाप एक जगह खड़ा हो गया। निर्मला आंटी ने जैसे ही गेट खोला, सौरभ को सामने खड़ा पाया। उसके हाथों में गेंद थी।

फिर तो पूछिए नहीं। निर्मला आंटी ने उसे खूब खरी-खोटी सुनाई। उस पर खूब चिल्लाईं। चोर भी बोला, जबकि वह बार-बार यह कहता रहा कि वह सिर्फ गेंद लेने ही आया था। उन्होंने उसे धमकी दी कि वह उसके घर आकर उसके पापा से शिकायत जरूर करेंगी। उदास सौरभ वहां से घर की ओर चल पड़ा। उसने यह तय किया कि अब वह कभी यहां खेलने नहीं आएगा।

शाम हो चुकी थी। निर्मला आंटी बाहर ही कुर्सी डाल कर बैठ गईं। तभी उनकी नजर लॉन में रखे सभी गमलों पर गई तो वह हैरान रह गईं और सोचने लगी, 'गमलों में पानी किसने डाला? वह तो महीनों से बाहर थीं।'

वह फटाफट अंदर गईं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग खंगालने लगीं। तभी अचानक उनकी नजरें एक वीडियो पर जम गईं, जो कि उनके जाने के दो दिन बाद की थी।

एक बच्चा गेंद उठाने बाउंड्री से अंदर आता है। गेंद उठा कर वह थोड़ा ठहर जाता है, वहां रखे गमले को देखता है। फिर वहीं पर रखे जग में पानी की टोटी से पानी भरता है, सारे गमलों में अच्छी तरह से पानी डालता है। पेड़ों को फुहार मार कर नहलाता है। फिर हंसता हुआ गेंद लेकर बाहर निकल जाता है।

निर्मला आंटी ने और भी कई वीडियो देखे, जिसमें वह लड़का अंदर आता है और सिर्फ पौधों में पानी डाल कर वापस चला जाता है। वह सिर्फ यही करने अंदर आता है।

निर्मला आंटी द्वारा लगाए गए सभी पौधे हरे-भरे थे। कुछ में फूल भी खिले थे। यह तो तय था कि अगर उनमें पानी न दिया जाता तो वे सूख जाते, मुरझा जाते।

निर्मला आंटी ने कैमरे को जूम करके बच्चे को पहचानने की कोशिश की तो और भी हैरान रह गईं, 'ओह, यह तो वही लड़का है, जिसे मैंने बुरी तरह डांटा है-सौरभ।' आज जाने से पहले उन्होंने उसका नाम पूछ लिया था।

सौरभ का उदास और डरा हुआ चेहरा निर्मला आंटी के मन में आया। उन्होंने मन ही मन निर्णय ले लिया था, वह सौरभ के घर जाकर उसके मम्मी-पापा से उसकी तारीफ करेंगी, उसे शाबाशी देंगी और उसे फूलों वाला एक गमला भी उपहार में देंगी। *

कविता
रजनीकांत शुक्ल



## फिर नवजीवन पाना

नदिया पर्वत झील समंदर
सारे करें इशारे
जब भी मन ना लगे कहीं
तो आना पास हमारे।
चहकें चिड़िया जहां दूर तक
फैल रही हरियाली
चले हवा तो उसकी धुन सुन
लहके डाली-डाली।
कोलाहल से दूर शांति की
बस्ती बसी निराली
आसमान में बादल घूमें
हवा चले मतवाली।
झर-झर झरते मन को हरते
झरनों की मनहर धुन
कुहू-कुहू कोयल का गाना
भौंरों की यह गुन-गुन।
जब भी जी ना लगे तुम्हारा
पास हमारे आना
नई ऊर्जा भर जाएगी
फिर नवजीवन पाना।

## रंग भरो-176

**रंग भरो-176** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आस्तिका, चांपा


अयान, रायपुर


कृतिका, सीपत


तेजू, रायपुर


शौर्य, जांजगीर


अरल, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आतिया-बहादुरगढ़, भूमिका-बागबाहरा, दीप्ति-दुर्ग, दिव्यांश-दुर्ग, डॉली-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, संस्कार-बलौदा बाजार, श्वेता-रायपुर, तन्मय-दुर्ग, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, सक्षम-रायगढ़, जिया-महासमुंद, कल्पना-राजनांदगांव, राज-भोपाल

## रंग भरो 177



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में मनन पौधा लगाकर फावड़े से मिट्टी गोड़ रहा है। पास ही खड़ी खुशी पौधे में पानी डाल रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### स्कूल बस चालक के खिलाफ केस दर्ज

**खोल।** मंदोला गांव में गत 24 मई को स्कूल बस की चपेट में आकर पांच साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पांचवी कक्षा में पढ़ने वाली सानवी स्कूल बस से उतरने के बाद अपनी मां के साथ घर की ओर जा रही थी। बोहका के निकट सामने से आ रही एक मॉडर्न स्कूल की बस ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका गुरूग्राम के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी मां सुनीता के बयान पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### इयोढई गांव से बिजली ट्रांसफार्मर चोरी

**रेवाड़ी।** ड्योढ़ई गांव से चोर एक किसान के कुएं पर लगा बिजली ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। ट्रांसफार्मर से कई कुओं पर बिजली की आपूर्ति होती थी। निगम के एसडीओ ने पुलिस शिकायत में बताया कि रामधन के खेत में एक 63 केवी क्षमता का बिजली ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। रात के समय चोर ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। इससे एक ओर जहां ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं की बिजली बाधित हो गई।

## प्रतियोगिता में जिले के कई प्रतिष्ठित स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया

# एक देश-एक चुनाव प्रतियोगिता में हिमांशी व चार्वी ने पाया पहला स्थान

- होनहार विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एक देश एक चुनाव विषय पर अंतर्विद्यालय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के विद्यार्थियों हिमांशी व चार्वी ने जूनियर वर्ग की हिंदी व अग्रेंजी दोनों ही विषयों में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग की अग्रेंजी भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा स्नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि एक देश, एक चुनाव विषय पर आयोजित इस अंतर्विद्यालय भाषण प्रतियेगिता में जिले के अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें जूनियर और सीनियर दोनों ही वर्गो में एचडी स्कूल साल्हावास के छात्रों ने हिंदी और अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में बाजी मारी। उन्होंने होनहार विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





**झज्जर।** होनहार प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि एवं अन्य, मीटिंग के दौरान अपने बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट लेते हुए अभिभाव। फोटो :हरिभूमि

### अध्यापकों ने अभिभावकों को दी बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी

**झज्जर।** वीरवार को आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर में यूनिट टेस्ट-वन परीक्षा के परिणामों की समीक्षा के लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहारिक पक्ष, उपस्थिति एवं कक्षा में सहभागिता पर चर्चा कर अभिभावकों को पूर्ण जानकारी प्रदान करना रहा। बैठक में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के शिक्षकों ने प्रत्येक अभिभावक से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर बच्चों के प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी दी तथा सुधार की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर शिक्षा समिति की सदस्य सीजू गहलावत ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की बैठकें शिक्षक एवं अभिभावकों को एक साझा मंच प्रदान करती हैं। जहां विद्यार्थियों के हित में संयुक्त निर्णय लिए जा सकते हैं।

## उपायुक्त ने सफाई कार्यों का किया निरीक्षण

### अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देश



**झज्जर।** सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नालों व ड्रेनों की सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल स्वयं फील्ड विजिट कर सफाई कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने गुरुग्राम रोड स्थित आरओबी के साथ लगते नाले, गांव खाजपुर में स्थित नाले, बेरी-धौड़-दुजाना ड्रेन, वजीरपुर सब लिंक ड्रेन, ड्रेन नंबर आठ का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस बीच उन्होंने दूबलधन मार्ग पर ड्रेन नंबर आठ पर बने पंप हाउस का निरीक्षण किया और जरूरत अनुसार मोटरों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। डीसी ने न्यू बाघपुर लिंक ड्रेन, धौड़ ड्रेन के अलावा गांव दुजाना में फिरनी के साथ लगते अढाई किलो मीटर लंबे नाले की सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में रहकर सफाई व्यवस्थाओं की निगरानी करने के निर्देश देते हुए कहा कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## सीजेएम ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

- सीजेएम ने सेफ हाउस की साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष रूप से जायजा लिया
- गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) विशाल ने सेफ हाउस बहादुरगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेफ हाउस में एक प्रेमी जोड़ा मौजूद मिला, जिनसे सीजेएम विशाल ने व्यक्तिगत रूप से संवाद किया।

बातचीत के दौरान प्रेमी जोड़े ने बताया कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं मिल रही हैं तथा किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी के प्रति कोई शिकायत नहीं है। वे पूर्णतः सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और संतुष्ट हैं। सीजेएम ने सेफ हाउस की साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष रूप से जायजा लिया और इंचार्ज को निर्देश दिए कि परिसर में स्वच्छता बनाए रखी जाए। साथ ही, गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने सेफ हाउस में रह रहे प्रेमी जोड़ों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने, उनकी निजता का सम्मान बनाए रखने और उनके अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए।



**बहादुरगढ़।** सेफ हाउस बहादुरगढ़ का निरीक्षण करते सीजेएम विशाल।

## गर्मी से राहत को लेकर लगाई पानी की छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम स्कूल के ट्रांसपोर्ट स्टाफ ने गर्मी से राहत दिलाने के लिए छबील लगाकर लोगों को ठंडा शरबत पिलाया। गर्मी के समय प्यास से बेहाल लोगों को शीतल पेयजल व शरबत पिलाना पुण्य का कार्य है। ज्येष्ठमाह के शुरू होते ही ठंडा पानी पिलाने का पुण्य भरा कार्य पूरे वर्ष के समान विशेष महत्व रखता है। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए स्कूल के ट्रांसपोर्ट के सदस्यों ने दिनभर सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर ठंडे व मीठा पानी राहगीरों को पिलाया।



**झज्जर।** संस्कारम स्कूल की ट्रांसपोर्ट टीम। फोटो :हरिभूमि

## खेड़ी व जसोर में पेयजल पाइप लाइन डालने का काम शुरू

- गांव में पहुंचने पर विधायक का ग्रामवासियों ने किया फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने वीरवार को गांव जसोर खेड़ी व खेड़ी जसोर में नई पेयजल पाइपलाइन के कार्य का शुभारंभ किया। गांव में पहुंचने पर विधायक का ग्रामवासियों ने फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। विधायक राजेश जून ने बताया कि खेड़ी व जसोर के अधिकांश हिस्से में पाइपलाइन नहीं थी और जो पहले से लाइन डाली हुई थी वह बहुत पुरानी तथा जर्जर हो चुकी थी। आज पुरानी पाइपलाइन की जगह नई पाइपलाइन डालने तथा गांव के जिस हिस्से में पाइपलाइन नहीं थी वहां पर भी नई लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस पाइपलाइन के माध्यम से दोनों गांव में पीने के पानी की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। विधायक राजेश जून ने कहा कि इस पेयजल पाइपलाइन के माध्यम से दोनों गांव के निवासियों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। पब्लिक हेल्थ के एसडीई नितिन कुमार, जेई जितेंद्र, वीरेंद्र सरपंच, अनिल सरपंच, प्रदीप, कर्मबीर, सोमबीर, कंवर, राजेश, सुनील आदि भी मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़।** पाइप लाइन डालने के कार्य का शुभारंभ करते विधायक जून।

## सभा को दिया 51 हजार रुपये का दान



**बहादुरगढ़।** पदाधिकारियों को दान राशि सौंपते कांग्रेस नेता उमेद सिंह खत्री व अरुण खत्री। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित छोटूराम धर्मशाला कमेटी के चेयरमैन उमेद सिंह खत्री के पुत्र कांग्रेस नेता अरुण खत्री ने गुरु रविदास सभा को भवन की जमीन खरीदने के लिए 51 हजार रुपये का दान दिया है। उन्होंने अपने पिता उमेद सिंह खत्री के साथ पदाधिकारियों को दानराशि भेंट की। सभा के पदाधिकारियों ने बताया कि लाइनपार में रविदास भवन बनने से आमजन को सामाजिक व पारिवारिक कार्यक्रम करने के लिए एक भव्य स्थान उपलब्ध होगा। अरुण खत्री ने कहा कि यह बहुत ही नेक कार्य है, अगर भविष्य में भी किसी प्रकार के सहयोग की जरूरत पड़े तो वह तैयार हैं। सभा जमीन परचेज कमेटी के चेयरमैन दलबीर सिंह, नरेंद्र सरोता प्रधान रविदास सभा, बलवान सिंह सचिव, रोहतास भाटिया, पूर्व प्रधान इंद्र सिंह मेहरा, उमेद सिंह प्रधान अंबेडकर सभा लाइनपार, कैप्टन राजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, हरिप्रकाश कार्यकारिणी सदस्य, दिनेश चौहान आदि मौजूद रहे।

### नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सिटी थाना पुलिस ने नशीला पदार्थ मुहैया कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत कारागार भेज दिया गया। इससे पूर्व पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने गत 15 मई को सूचना के आधार पर अग्रसेन चौक के पास नशीले पदार्थ बेचने के आरोप में शहादत नगर निवासी वीर व शिव कॉलोनी में रहने वाले रामगढ़ भगवानपुर निवासी रविंद्र उर्फ रवि को नशीले पदार्थों गांजा व स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों के कब्जे से नशीले पदार्थ बरामद होने के बाद सिटी थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया गया था। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने नशीला पदार्थ मुहैया कराने के आरोप में ओल्ड आदर्श नगर निवासी गौरव उर्फ गौरी को गिरफ्तार किया है।

## शहर में बढ़ता अपराध कानून व्यवस्था की कमजोरी: विधायक

- पुलिस भी अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में आपराधिक वारदात तथा नशीले पदार्थ की बिक्री बढ़ रही है। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने बढ़ती वारदातों पर चिंता जताते हुए मौजूदा कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि बहादुरगढ़ में कानून व्यवस्था का बिलकुल दिवाला निकल चुका है। जून ने कहा कि क्षेत्र में आए दिन हत्या, चोरी, लूटपाट, छीना झपटी की वारदात हो रही हैं। अपराधियों के मन में कानून का डर खत्म हो गया है। जिसके चलते अपराधी खुलेआम अपराध को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस भी अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का युवा दिनोंदिन नशे के चंगुल में फंसता जा रहा है, जो चिंता का विषय है। बढ़ते नशे के कारण युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। इसलिए पुलिस क्षेत्र में नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करे।



**बहादुरगढ़।** कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करते पूर्व विधायक राजेंद्र जून।

### कंपनी में तोड़फोड़ गार्ड से हाथापाई

**रेवाड़ी।** लाधुवास गुर्जर स्थित यूनिप्रोडक्ट कंपनी में वीरवार सुबह दो युवकों ने जमकर उत्पात मचाया। सिक्योरिटी गार्ड के साथ हाथापाई करते हुए कंपनी में घुसे युवकों ने परिसर व तीन गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए केस दर्ज कर लिया।कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में कंपनी के सहायक एचआर मैनेजर राहुल यादव ने बताया कि वीरवार को सुबह 9:52 बजे भूडला निवासी नरेश और उसका साथी आकाश कंपनी के गेट नं. 2 से बाइक लेकर घुस गए। गेट पर खड़े सिक्योरिटी गार्ड ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, परंतु दोनों हाथापाई करते हुए अंदर घुस गए। राहुल यादव ने आरोप लगाया कि दोनों ने कंपनी न्यू एडमिन ब्लाक का मेन इन्ट्री गेट का गिलास तोड़ दिया।

### सूचना

मैं, बाबू लाल पुत्र श्री लाल सिंह पुत्र श्री लखी राम निवासी सुलौधा, तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरी पुत्री मोनिका मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### खोया पाया सूचना

मैं, कि अनवरी पत्नी श्री महबुब अली निवासी झज्जर तह० व जिला झज्जर (हरियाणा) बयान करती हूं कि:-
1. मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं।
2. मेरा एक मकान अंदर हद्द नगरपरिषद कच्चा बाबरा रोड झज्जर में स्थित है जिसका नया रजि० न० 8571 दिनांक 01.12.2021 व पुराना रजि० न०-4284 दिनांक 20.12.2010 है।
3. उपरोक्त रजिस्टरी न0-4284 दिनांक 20.12. 2010, को लघु सचिवालय झज्जर में दिनांक 22.05.2025 को गिर कर गुम हो गई जिसका डी.डी. आर. न0-132570292500719 थाना झज्जर में ऑन लाईन दर्ज है।
4. अगर उक्त रजिस्टरी किसी को मिले तो उसकी मैं खुद जिम्मेवार रहुंगी।
5. मेरे उक्त बयान सही व दुरुसत है।

शपथकर्ता

## हर विद्यार्थी को डिग्री के चौथे वर्ष में ऑनर्स करने का मिलेगा मौका

# ज्ञान, कौशल और करियर में उत्कृष्टता के लिए करें ऑनर्स डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी नौ जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### बदल गई है ऑनर्स की परिभाषा

मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि आज केवल डिग्री नहीं, बल्कि विशेषज्ञता की जरूरत है, जिसके लिए ऑनर्स कोर्स प्रभावी माध्यम है। नई शिक्षा नीति में तीन साल की पढ़ाई के बाद चौथे वर्ष किसी भी मुख्य विषय में ऑनर्स करने का प्रावधान है। इसलिए हर विद्यार्थी को डिग्री के चौथे वर्ष में ऑनर्स करने का मौका मिलेगा।

इसके अलावा पहले की तरह स्वतंत्र रूप से भी ऑनर्स डिग्री कोर्स हैं, जहां प्रथम वर्ष से ही ऑनर्स की पढ़ाई शुरू हो जाती है लेकिन अब इस तरह के कोर्स को सिंगल मेजर के नाम से जाना जाता है। उदाहरण के लिए बीए (अंग्रेजी ऑनर्स) को अब बीए 'विद मेजर इन इंग्लिश' कहा जाता है।



डॉक्टर अमित भारद्वाज, मीडिया प्रभारी।

### दो कॉलेजों में है सिंगल मेजर डिग्री

मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिले के दो कॉलेजों में अलग से ऑनर्स डिग्री कोर्स उपलब्ध है, जहां प्रथम वर्ष से ही उस विषय में ऑनर्स की पढ़ाई शुरू हो जाती है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में बीएससी विद मेजर इन मैथमेटिक्स डिग्री कोर्स है, जिसकी 40 सीटें हैं। राजकीय महाविद्यालय, बादली में बीएससी विद मेजर इन केमिस्ट्री और बीए विद मेजर इन जियोग्राफी डिग्री कोर्स है और प्रत्येक में 40 सीटें हैं।

### गहन अध्ययन और विशेषज्ञता

मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि ऑनर्स कोर्स में विद्यार्थियों को किसी एक विषय में गहराई से अध्ययन करने का मौका मिलता है इससे विद्यार्थी उस विषय के प्रति समर्पित होता है और उसमें गहरी पकड़ बना लेता है। हालांकि शुरुआत में ऑनर्स और सामान्य स्नातक डिग्री के बीच अंतर बहुत स्पष्ट नहीं दिखता, लेकिन करियर में आगे बढ़ने पर यह अंतर बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। ऑनर्स कोर्स में तार्किक विश्लेषण और शोध की प्रवृत्ति विकसित होती है।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायता

मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि ऑनर्स कोर्स करने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी बड़ा लाभ मिलता है। यूपीएससी, पीसीएस, यूजीसी-नेट जैसी परीक्षाओं में विषय की गहरी समझ की आवश्यकता होती है। उच्च शिक्षा या रिसर्च के लिए ऑनर्स डिग्री ठोस आधार प्रदान करती है। देश के कई प्रतिष्ठित संस्थान उन विद्यार्थियों को पसंद करते हैं, जिन्होंने अपने विषय में पहले से ही गहन अध्ययन किया हो और जो शोध करने की क्षमता रखते हों। ऑनर्स कोर्स से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में मदद मिलती है। कंपनियां और संस्थान ऑनर्स डिग्री धारकों को उस विषय का बेहतर जानकार मानते हैं और उनको नियुक्ति में प्राथमिकता देते हैं। मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि ऑनर्स कोर्स करने से न केवल बाहरी साख बढ़ती है, बल्कि आत्मसंतोष और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। यह दर्शाता है कि छात्र ने विषय को गंभीरता से अपनाया है और उसमें विशेषज्ञता हासिल करने का प्रयास किया है।

### विदेशी शिक्षा और स्कॉलरशिप

मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विदेशी विश्व विद्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए आवेदन करते समय ऑनर्स डिग्री को बहुत महत्व दिया जाता है और ऑनर्स डिग्री धारकों को उच्च शिक्षा में प्रवेश और छात्रवृत्तियां प्राप्त करने में विशेष वरीयता दी जाती है। यह डिग्री अकादमिक प्रोफाइल को मजबूत बनाती है।

**खबर संक्षेप**

## प्लॉट का हस्तांतरण अब 30 जून तक

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने प्लॉट धारकों को राहत देते हुए एक अवसर प्रदान किया है। अब पंजीकृत सेल डीड या उपहार डीड के आधार पर संपत्ति का हस्तांतरण बिना ट्रांसफर परमिशन के आगामी 30 जून तक किया जा सकता है। एचएसवीपी की इस घोषणा से प्लॉट धारकों और खरीदारों को लाभ मिलेगा, जो अब समय और प्रक्रिया की जटिलता से मुक्त होकर आसानी से प्लॉट का हस्तांतरण कर सकेंगे।

## अस्पताल के निर्माणधीन भवन का किया निरीक्षण

**बहादुरगढ़।** शहर के सरकारी अस्पताल की क्षमता बढ़ाकर 200 बेड की जाएगी। इसके लिए परिसर में नया भवन बनाया जा रहा है। लेकिन बजट की कमी के कारण पिछले काफी समय से निर्माण अधूरा है। ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी ने वीरवार को भवन का निरीक्षण करते हुए बताया कि सरकार ने 39 करोड़ का बजट दिया था लेकिन काम पूरा नहीं हो सका। अब पीडब्ल्यूडी ने 56 करोड़ का रिवाइज एस्टीमेट बनाकर सरकार के पास भेजा है। सैनी ने कहा कि जल्द ही सरकार बजट भेज देगी। जिसके बाद काम शुरू हो सकेगा।

## परशुराम जन्मोत्सव में भाग लेंगे : सैनी

**बहादुरगढ़।** आगामी 30 मई को पहरावर गांव में परशुराम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जन्मोत्सव में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए संजय सैनी ने बताया कि कार्यक्रम का निमंत्रण देने आए सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का बहादुरगढ़ पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया था। साथ ही ये आश्वासन दया कि अधिक से अधिक संख्या में हम भगवान परशुराम जन्मोत्सव में भाग लेंगे।

### स्वयंसेविकाओं ने मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

# महान योद्धा, वीर और स्वतंत्रता सेनानी थे महाराणा प्रताप



बहादुरगढ़। पोस्टर, स्लोगन दिखातीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

■ वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने पोस्टर व स्लोगन के जरिये महाराणा प्रताप को नमन किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप एक महान योद्धा, वीर और एक स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके बलिदान, साहस और विचारों के बारे में जितना कहा जाए, उतना कम है। उनके जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि राष्ट्र सबसे पहले है। उन्होंने राष्ट्र, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया। उनकी नीतियां व शिक्षाएं हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत का काम कर रही हैं।

इसके साथ ही एनएसएस व वाईआरसी इकाई की स्वयंसेविकाओं पायल शर्मा, तन्नु, जानवी, पूजा, प्रेरणा, तम्मना व रितिका आदि ने पोस्टर, स्लोगन के माध्यम से महाराणा प्रताप के आदर्शों, विचारों, पराक्रम और वीरता को याद किया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस इकाई व वाईआरसी यूनिट द्वारा किया गया।

### आर्मी खेल परिसर में धूमधाम से मनाई जयंती

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बहु में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती आर्मी खेल परिसर में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष करणी सेना मनदीप सिंह तंवर व जिलाध्यक्ष प्रदीप तंवर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर मिठाई और मीठा पानी वितरित किया गया। आर्मी खेल परिसर कमेटी द्वारा प्रबुद्धजनों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरपंच प्रेम नंबरदार, पूर्व सरपंच फूल सिंह, ब्लॉक समिति मेंबर, रणबीर प्रधान, फौजी मेनपाल, देशराज, सचिन, अजीत ठेकेदार, सुरेंद्र शर्मा, साहिल, दीपक, राहुल, भोलू सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के उपरांत उपस्थित प्रबुद्धजन।

# नाला सफाई कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते विधायक राजेश जून।

विधायक राजेश जून ने वीरवार को को नगर परिषद, जन स्वास्थ्य विभाग व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग में अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित सभी मौजूदा समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा।

मीटिंग के बाद विधायक ने अधिकारियों के साथ शहर का दौरा कर बरसाती नालों, सीवर व्यवस्था तथा सड़कों पर मौजूद गड्ढों का जायजा लिया। जून ने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला व जेई आशीष से कहा कि बरसात से पहले सभी नालों की सफाई का कार्य अच्छे तरीके से हो जाना चाहिए।

विधायक ने जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता अमन मोर व एसडीओ नितिन कुमार से कहा कि आए दिन मुझे व मेरे कार्यालय स्टाफ को जनता द्वारा शहरी क्षेत्र में जगह-जगह सीवर ओवरफ्लो रहने की समस्या से अवगत कराया जा रहा है। इसलिए शहरी क्षेत्र में जहां-जहां भी सीवर ओवरफ्लो की समस्या है, तुरंत समस्या का स्थाई समाधान किया जाए ताकि लोगों को परेशानी न हो।

## जजों और वकीलों का स्वास्थ्य जांचा

**बहादुरगढ़।** बार एसोसिएशन बहादुरगढ़ में मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के सौजन्य से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन बार प्रधान रविन छिल्लर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार लाल प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट झज्जर, विवेक तोमर सिविल जज सीनियर डिविजन बहादुरगढ़, आशिमा गर्ग सिविल जज जूनियर डिवीजन बहादुरगढ़, सुमन सिविल जज जूनियर डिवीजन बहादुरगढ़, मनीषा सिविल जज जूनियर डिवीजन बहादुरगढ़, के द्वारा कैंप का शुभारंभ किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविन छिल्लर ने बताया कि वकील साथी अपने काम की व्यस्तता के कारण अपना हेल्थ चेकअप करा नहीं पाते। इसी के चलते हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया है। न केवल वकीलों बल्कि जजों ने भी स्वास्थ्य जांच कराई।



बहादुरगढ़। शिविर में की जा रही स्वास्थ्य जांच। फोटो : हरिभूमि

## मेवात के किसानों के समर्थन में आया संगठन

**बहादुरगढ़।** मेवात के 9 गांवों के किसानों की अधिग्रहित कृषि भूमि के लिए मुआवजे को लेकर जारी आंदोलन को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने समर्थन दिया है। संगठन आगामी चार जून को प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगा। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा राज्य सचिव जयकरण दलाल ने बताया कि मेवात के 9 गांवों की कृषि जमीन को सरकार ने अधिग्रहण किया था। सरकार ने किसानों से वायदा किया था कि 71 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाएगा लेकिन सरकार बाद में अपने वायदे से मुकर गई। किसानों से अंगूठा, हस्ताक्षर करवाकर 46 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवज़ा तय कर दिया। जब किसानों ने 25 लाख बकाया मुआवजे के लिए आवाज उठाई तो पुलिस उन पर टूट पड़ी, लाठी चार्ज किया गया, झूठे मुकदमे दायर कर दिए, धर पकड़ शुरू कर दी। सरकार का यह कदम अन्यायपूर्ण, गैर लोकतांत्रिक, गैर कानूनी है। इसके विरोध में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन मेवात के किसानों के साथ खड़ा है। चार जून को उपायुक्तों के जरिये मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे।

# अनुबंधित बिजली निगम कर्मचारियों ने किया मंथन





झज्जर। बिजली निगम कार्यालय में मीटिंग के उपरांत रोष प्रकट करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

■ बिजली निगम कार्यालय परिसर में भारतीय मजदूर संघ की बैठक

वीरवार को अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की बैठक बिजली निगम कार्यालय परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने की। जिला सचिव नीरज ढुल ने कर्मचारियों की समस्याओं के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने रोजगार सुरक्षा एक्ट पारित किए नौ माह बीत चुके है। लेकिन अभी भी एक्ट पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रदेश नेतृत्व जो भी दिशा निर्देश देगा उसके अनुसार जिले का अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ प्रदर्शन के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण लाखों कर्मचारी रोजगार सुरक्षा से वंचित है। जिसके कारण कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष बना हुआ है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष धीरज गुलिया, चंदन सिंह, श्रवण मोर, बिजेंद्र सहित अन्य भी मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कोच रजनेश चौधरी के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## पदक विजेता कराटे खिलाड़ी सम्मानित

**बहादुरगढ़।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में 25 व 26 मई तक दो दिवसीय इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। इसमें पांच देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इंडियन फाइटर्स क्लब के मानविक गुलिया ने सब जूनियर 35 किलो भार वर्ग में इंडिया की टीम के लिए गोल्ड मेडल जीता। मानविक की जीत पर कोच व साथी खिलाड़ियों ने खुशी जताई है। यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के प्रेसिडेंट व क्लब के संचालक रजनेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में 24 से 28 मई तक आयोजित किए गए मार्शल आर्ट्स गेम्स में हरियाणा की टीम के खिलाड़ी तनीषा ने 35 किलोभार में गोल्ड मेडल, प्रीत ने 40 किलोभार वर्ग में सिल्वर मेडल, वीरेन ने 45 किलोभार वर्ग, नैतिक ने 48 किलोभार वर्ग व नवनीत ने 50 किलोभार वर्ग में ब्रांज मेडल जीते हैं। मेडल विजेता खिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय कोच रजनेश चौधरी को दिया। अशोक सिहाग, जगदीश, सुरेश जून, सुनील जून, डॉ. पर्वत, सुमित छिल्लर, आर्यन, सुरेंद्र आदि खेल प्रेमियों ने बहादुरगढ़ पहुंचने पर सभी मेडल विजेता खिलाड़ियों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

# संस्कारम स्कूल लक्ष्य और अंजलि का हुआ थल सेना कैंप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर





झज्जर। होनहार कैडेट्स स्कूल स्टॉफ सदस्य के साथ। फोटो : हरिभूमि

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में बुधवार को थल सेना कैंप के लिए दो एनसीसी कैडेट्स का चयन किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन संस्कारम स्कूल के एनसीसी कैडेट्स का थल सेना कैंप के लिए चयनकर्ता के रूप में आठ हरियाणा बटालियन एनसीसी रेवाड़ी के कमांडिंग ऑफिसर के निर्देशन में प्रशिक्षण में सिखाए गए ऑप्टीकल्स, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट व फायरिंग की बारीकियों से परीक्षा लेकर थल सेना कैंप के लिए चयन किया। चयनित पाने वाले कैडेट्स में पलड़ा निवासी अंजली व लक्षय कुमार शामिल है। संस्कारम स्कूल के एनओ मनीष योगी ने बताया कि ये दोनों कैडेट्स अब अपनी रेवाड़ी बटालियन का प्रतिनिधित्व करने चार जून से तेरह जून तक हिसार में हेडक्वाटर की तरफ लगने वाले कैंप एसकेपीपीएस सिवानी में आयोजित होने वाले थल सैनिक शिविर में भाग लेंगी। थल सैनिक कैंप का उद्देश्य सेना प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताओं से अवगत कराना, प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना और केडैटों के बीच अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना है। थल सैनिक कैंप आर्मी विंग की कैडेट्स के लिए राष्ट्रीय स्तर का कैंप है। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ.महिपाल ने चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सब्जी विक्रेताओं ने बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। दिनेश कौशिक से मिलने पहुंचे फड़ विक्रेता। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को बहादुरगढ़ सब्जी मंडी के पंजीकृत मासाखोरों ने भाजपा नेता एवं विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक से सेक्टर-2 स्थित उनके कार्यालय पर मुलाकात की। विक्रेताओं ने दिनेश कौशिक को सब्जी मंडी की समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान की मांग की। प्रधान बलवान सिंह लोहचब, सचिव ओमप्रकाश, राजेंद्र सिंह, नरेश जून, विनोद राव, रवि, नरेंद्र कश्यप, हवा सिंह दलाल व सुखबीर कश्यप आदि ने बताया कि सब्जी मंडी में किसान और मासाखोर शेड के बीच रोड पर कुछ अवैध फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने अवैध कब्जा कर रखा है। इस वजह से पंजीकृत विक्रेताओं को परेशानी हो रही है। पंजीकृत मासाखोरों का शेड पीछे होने के कारण ग्राहक वहां तक नहीं पहुंच पाते जिसके कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया। जो व्यक्ति मार्केट कमेटी में 1500 रुपये महीने किराया देता है, उन सब का काम ना के बराबर रह गया है। समस्याएं सुनने के बाद दिनेश कौशिक ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में अधिकारियों से बात कर बीच का रास्ता निकाला जाएगा, ताकि किसी को भी परेशानी न हो। अन्य विक्रेताओं से भी बातचीत की जाएगी।



बहादुरगढ़। कर्मचारियों को जागरूक करती पुलिस टीम।

## नशे व साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** पुलिस की ओर से वीरवार को नूना माजरा स्थित रिलेक्सो फुटवियर वेयर हाउस में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा सेल प्रभारी सतीश कुमार व उप निरीक्षक सत्य प्रकाश ने कर्मचारियों और चालक को नशे, साइबर अपराध व सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। निरीक्षक सतीश कुमार ने ड्राइवर को नशे से होने वाली सामाजिक, आर्थिक और मानसिक परेशानियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा हर तरह से हमें नुकसान पहुंचाता है। शारीरिक, मानसिक व आर्थिक हानि होती है। अपराधाओं व सड़क दुर्घटनाओं की भी यह एक बड़ी वजह है। इसलिए नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी इससे दूर रहने को प्रेरित करना चाहिए। एसआई सत्यप्रकाश ने कहा कि आजकल साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। इसलिए लोग जागरूक रहें। अपने बैंक खाते या इंटरनेट मीडिया संबंधित जानकारी किसी को न दें। अनचाहे एप्स डाउनलोड न करें। वाहन चलाते वक्त नियमों का पालन करें।



झज्जर। योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## डीईओ ने विद्यार्थियों को बताया जीवन में योग का महत्व

**झज्जर।** वीरवार को जीएवी स्कूल पाटौदा में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने शिविर का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को योग की महत्ता से अवगत कराया। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों व अन्य स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। योगाचार्यों द्वारा प्रतिभागियों को योगा प्रोटोकॉल के अनुरूप विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने सरल व प्रभावी शैली में विद्यार्थियों को योग सिखाया तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लाभ बताए। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और मानसिक संतुलन प्राप्त करने का माध्यम है। इस दौरान आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पवन कुमार, योग समन्वयक जय कौशिक, आयुष योग सहायक राजेंद्र व नरेंद्र योग, साध्वी कुमारी, मोनिका यादव, अशोक कौशिक, प्राचार्य संदीप कौशिक, सुमिला यादव, देवेंद्र कुमार, रवि सागर, मनजीत सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## साथी अभियान के तहत एक माह तक जिले में चलेगा विशेष सर्वे अभियान

**झज्जर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार साथी अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 26 मई से विशेष अभियान शुरु हो चुका है जो आगामी 26 जून चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी मलिन बस्तियों में रहने वाले उन बच्चों की पहचान करना है जिनके आधार कार्ड अब तक नहीं बने हैं। यह अभियान प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल के मार्गदर्शन में संचालित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए विभिन्न ब्लॉकों में तीन पैरा लीगल वालंटियर्स को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो घर-घर जाकर ऐसे बच्चों की पहचान करेंगे।

### लीवर संबंधित समस्याओं के प्रति लोगों को किया जागरूक

# बीमारियों से बचा सकती है बेहतर जीवनशैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़





बहादुरगढ़। कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करते विशेषज्ञ चिकित्सक।

भागदौड़ भरे इस युग में खराब खानपान और जीवनशैली के चलते लोग बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। फिजिकल एक्टिविटी, खान पान तथा जीवन शैली में सुधार कर हम कहीं हद तक बीमारियों से बच सकते हैं।

वीरवार को बहादुरगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल और लीवर के रोगों के उपचार व बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया। साथ ही, मैक्स सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल द्वारका ने ब्रह्म शक्ति अस्पताल के साथ गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल और लीवर रोगों के लिए अपनी विशेष ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। मैक्स अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, हेपेटोलॉजी एवं एंडोस्कोपी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर यूनिट हेड, डॉ. लवकेश आनंद और कंसल्टेंट डॉ. विक्रांत पंवार मौजूद रहे। इस अवसर प डॉ. लवकेश आनंद ने कहा कि आजकल लीवर रोगों, पैंक्रियास और पाचन तंत्र की समस्याओं, फैटी लीवर और हेपेटाइटिस की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है।

जबकि इनमें से अधिकांश रोगों का अगर समय रहते निदान हो जाए, तो इलाज संभव है। अत्याधुनिक तकनीकों ईआरसीपी, ईयूएस और पीओईएम जैसी मिनिमली इनवेसिव प्रक्रियाएं अब बेहद प्रभावी विकल्प बन गई हैं। डॉ. विक्रांत पंवार ने कहा कि इन नई ओपीडी सेवाओं के ज़रिए हमारा उद्देश्य बहादुरगढ़ व आस-पास के क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों की जानकारी देना और जागरूक करना है। लीवर फेलियर, सिरोसिस, लिवर कैंसर, फैटी लीवर जैसी पुरानी लिवर बीमारियों के लिए अब उन्नत चिकित्सीय एवं शल्य चिकित्सा उपचार उपलब्ध हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900